अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अख़बार

कासगंज: पुलिस ने पटियाली में की छापेमारी, बरामद नकली कैस्ट्रोल ऑयल

कासगंज, अमृत विचार। कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड के नकली कैस्ट्रोल ऑयल की बिक्री की सूचना पर कंपनी के अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस के साथ छापामार कार्यवाही की। पटियाली के रेलवे स्टेशन के समीप एक दुकान से 80 लीटर नकली कैस्ट्रोल ऑयल के एक लीटर के 80 डिब्बे बरामद किए। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कस्बा पटियाली में नकली कैस्ट्रोल बेचे जाने की सूचना पर मंगलवार को कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों की टीम ने पटियाली कोतवाली पहुंचकर पुलिस के सहयोग से थाना दरियावगंज रेलवे फाटक पर स्थित एक गोदाम पर छापामारा। कार्यवाही के दौरान गोदाम से 80 लीटर नकली कैस्ट्रोल बरामद किया गया।

मौके से संचालक अरुण गोविल सिंह निवासी गांव नगला भेरू थाना सिकंदरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोपी राइट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक-एक लीटर के 80 डिब्बे नकली कैस्ट्रोल के बरामद हुए हैं। जिन्हें सील किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी जेल भेजा है।

Source: https://www.amritvichar.com/article/476238/kasganj--police-raided-patiali--recovered-fake-castrol-oil#gsc.tab=0